हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, शनिवार 14 मार्च 2026

युवाओं द्वारा किया गया रक्तदान किसी को... 11



आर्य समाज फतेहाबाद में तीन दिवसीय ऋग्वेद... 11



## खबर संक्षेप

### श्री सनातन धर्म संस्कृत कॉलेज के विद्यार्थी छाए

**सिरसा।** श्री सनातन धर्म संस्कृत महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय द्वारा करवाई गई संस्कृत ओलंपियाड-2025 में प्रथम व दूसरा स्थान प्राप्त किया है। श्री सनातन धर्म महाविद्यालय की अंतिम वर्ष की छात्रा रवीना व नीरू निवासी डिंग शामिल हैं। सामाजिक श्रेणी में श्री सनातन धर्म संस्कृत महाविद्यालय के ही अंतिम वर्ष के छात्र संदीप ने प्रदेशभर में पहला स्थान प्राप्त किया।

### सड़क हादसों में तीन लोगों की मौत

**सिरसा।** जिले में दो अलग-अलग सडक़ दुर्घटनाओं में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। शवों का शुक्रवार को सिरसा के नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम करने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है। सिरसा जिले के गांव केहरवाला के पास वीरवार रात दो कारों की सीधी टक्कर हो गई। इस हादसे में दोनों कार चालकों की मौत हो गई, जिनकी पहचान संतनगर निवासी बलवंत सिंह व केहरवाला निवासी विनोद कुमार के रूप में हुई है।

### गैस सिलेंडरों के दुरुपयोग और पर होगी कार्रवाई

**सिरसा।** जिले में पेट्रोलियम पदार्थों की किसी प्रकार की कमी नहीं है और पर्याप्त मात्रा में पेट्रोल, डीजल तथा रसोई गैस उपलब्ध है। इसलिए आमजन को किसी भी तरह की घबराहट या पैनिक की स्थिति में आने की आवश्यकता नहीं है। आमजन किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें, और अफवाह फैलाने वालों पर भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी। आमजन को घरेलू गैस प्राप्त करने में कोई परेशानी न हो और गैस की कालाबाजारी रोकने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह से सतर्क है और विभागीय टीमें लगातार फील्ड में उतर कर कड़ी निगरानी रख रही है।

### बंद पड़े मकान से गहने व नकदी चोरी, शिकायत

**सिरसा।** ऐलनाबाद शहर में एक बंद घर को चोरों ने निशाना बना लिया। परिवार रिश्तेदार की शादी समारोह में गया था। पीछे से चोर घर पहुंच गए और दीवार फांदकर अंदर घुस गए। घर के अंदर कमरा व अलमारी के लॉक तोड़ दिए। अलमारी में रखे सोने-चांदी के गहनें और कैश चोरी कर ले गए।

### कर्मचारी कैश लेकर लापता, मामला दर्ज

**सिरसा।** फाइनेंस कंपनी कर्मचारी कलेक्शन कैश लाने के बाद लापता हो गया है। पुलिस को दी शिकायत में राजस्थान निवासी गोविंद राम ने बताया कि उसका बेटा हाल ही में ऐलनाबाद में रहता है। उसका बेटा बाबू लाल, जो फ्यूजन फाइनेंस कंपनी ऐलनाबाद ब्रांच में बतौर एसआरओ के पद पर कार्य करता है। जिसका फाइनेंस की किस्तों के कलेक्शन का काम है। उसका बेटा ऐलनाबाद ब्रांच में रह रहा था।

### गरीब और पारिवारिक जिम्मेदारियां बताकर मांगी थी राहत

# जिम संचालक के दो हत्यारोपियों को आजीवन कारावास की सजा

आरोपियों ने छाती और कनपटी में मारी थी गोलियां




**हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद**

अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश तरुण सिंगल की कोर्ट ने भट्टू क्षेत्र के गांव ढाबी कलां निवासी जिम सेंटर संचालक अशोक कुमार की हत्या के मामले में सुनवाई करते हुए दो आरोपियों को दोषी करार देते हुए कठोर आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।

कोर्ट ने दोनों दोषियों पर एक-एक लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है। आर्म एक्ट के तहत भी 10-10 हजार अलग से जुर्माना लगाया गया है। जुर्माना न भरने पर तीन महीने का अतिरिक्त कैद काटनी होगी। आरोपी भट्टू क्षेत्र के गांव रामसरा निवासी विजयपाल उर्फ टाडा और पुष्कर उर्फ खली शराब कारोबार से जुड़े हुए थे। अभियोजन पक्ष के अनुसार, विजयपाल व पुष्कर ने 19 जून 2019 को जिम संचालक अशोक कुमार की कनपटी और छाती में गोली मारकर हत्या कर दी थी। पुलिस ने अशोक के पिता सुभाष की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ हत्या व आर्म्ज एक्ट के तहत केस दर्ज किया था। सुनवाई के दौरान पीड़ित पक्ष की ओर से पब्लिक प्रॉसीक्यूटर देवेंद्र मित्तल व डॉ.नरेंद्र सिंह ने कोर्ट में दलील देते हुए कहा कि दोनों आरोपियों ने मिलकर हत्या की वारदात को अंजाम दिया था, इसलिए उन्हें कड़ी से कड़ी सजा दी जानी चाहिए। देवेंद्र मित्तल ने बताया कि सजा सुनाए जाने से पहले दोनों दोषियों ने कोर्ट से नरमी बरतने की अपील की। उन्होंने कहा कि वे गरीब परिवार से हैं और उनके ऊपर परिवार की जिम्मेदारियां हैं। हालांकि, कोर्ट ने मामले की गंभीरता को देखते हुए उनकी अपील को खारिज कर दिया। सजा सुनाए जाने के बाद दोनों दोषियों को हिसार सेंट्रल जेल भेजने के आदेश जारी किए गए।

### यह था पूरा मामला

पुलिस को दी शिकायत में गांव ढाबी कलां निवासी सुभाष धिंधवाल ने बताया था कि उसका छोटा बेटा अशोक चौधरी देवीलाल यूनिवर्सिटी सिरसा से बीपीएड का कोर्स कर रहा था। साथ ही भट्टू मंडी में गांव के ही मनिंद्र बैनीवाल के साथ जिम सेंटर चलाता था। सुभाष के अनुसार, 19 जून 2019 को वह अपने बेटे व मनिंद्र के साथ सुबह करीब 11 बजे ढाबी कलां से चले थे। अशोक गाड़ी चला रहा था। अशोक के पास पुष्कर उर्फ खली ने फोन कर भट्टू में मिलने की बात कही। इसके बाद पुष्पर उर्फ खली और विजयपाल उर्फ टाडा आई ट्वेंटी कार में आए। दोनों ने अशोक से कहा कि सत्यवान को समझाओ कि शराब क्यों बेचता है। अशोक ने कहा कि उसका सत्यवान से कोई वास्ता नहीं है। आप खुद सत्यवान को समझाओ। इतने में ही विजयपाल और पुष्कर तैश में आ गए। सुभाष का आरोप था कि विजयपाल ने पिस्तौल निकालकर अशोक की छाती में गोली मार दी। इसके बाद पुष्पर ने उसी पिस्तौल से दूसरी गोली नीचे गिरे हुए अशोक की कनपटी पर मार दी। दोनों इसके बाद फरार हो गए। वे अशोक को भट्टू सीएचसी लेकर गए, लेकिन डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

# नकदी चोरी में दो सगे भाई दबोचे

- नामधारी गुरुद्वारा में घुसकर गुरुद्वारे का ताला तोड़कर गुल्लक से 75 हजार उड़ाए

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा**

रानियां के नामधारी गुरुद्वारा में घुसकर गुरुद्वारे का ताला तोडक़र गुल्लक से 75 हजार रूपए की नकदी चोरी करने के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। रानियां थाना प्रभारी ने बताया कि नामधारी गुरूद्वारा सिंह सभा रानियां के प्रधान रघुबीर सिंह ने बताया कि रोजमर्रा के अनुसार ग्रंथी हिम्मत सिंह पाठ कर उपरोक्त तिथि को देर शाम गुरुद्वारा साहिब के मुख्य गेट को ताला लगाकर घर चले गए थे। रात्रि के समय अज्ञात युवकों ने गुरुद्वारा साहिब के हॉल का ताला तोडक़र गुल्लक से 75 हजार रूपए की नगदी चोरी कर मौका से फरार हो गए। शिकायत के आधार पर रानियां थाना में चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरु की गई थी। जांच के दौरान रानियां थाना पुलिस ने महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए दो आरोपी सुखबीर सिंह व कर्ण सिंह निवासी ऐलनाबाद को ऐलनाबाद क्षेत्र गिरफ्तार किया है।



**सिरसा।** पकड़े गए आरोपी पुलिस की गिरफ्त में। *फोटो : हरिभूमि*

### सीसीटीवी में हुए कैद

उधर, पुलिस ने गांव फतेहपुरिया में खेतों में लगे सीसीटीवी कैमरे चोरी करने के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। रानियां थाना प्रभारी ने बताया कि पवन निवासी वार्ड नंबर 6 रानियां ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि बीती 6 मार्च की रात अज्ञात युवक उसके खेतों में लगे सीसीटीवी कैमरे चोरी कर ले गए। पुलिस ने जांच शुरू की और गांव फतेहपुरिया से तीन संदिग्ध युवकों को हिरासत में लिया गया।

### प्रतिबंधित नशीली गोलियां सहित युवक दबोचा

**डबवाली।** सीआईए डबवाली पुलिस ने गश्त के दौरान शिवनगर क्षेत्र से एक युवक को प्रतिबंधित गोलियों सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान महेंद्र निवासी डबवाली के रूप में हुई है। सीआईए डबवाली प्रभारी राजपाल ने बताया कि बीती 12 मार्च को पुलिस टीम को गश्त के दौरान शिवनगर मंडी डबवाली के पास एक युवक दिखाई दिया। जो पुलिस टीम को आता देखकर वहां से फरार होने की कोशिश करने लगा और अपनी जेब से कुछ दवाओं के पत्ते बाहर फेंक दिए। पुलिस टीम ने शक के आधापर पर युवक काबू कर नियमानुसार तलाशी ली तो उसके कब्जे से प्रतिबंधित गोलियां मिली।

# कैंटर चालक जयवीर हत्याकांड की गुत्थी सुलझी, आरोपी काबू

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद**

**सिर पर चोट मारकर की गई थी हत्या**

सेक्टर-11 स्थित निर्माणाधीन अस्पताल के पास मिले कैंटर चालक जयवीर की हत्या की गुत्थी को फतेहाबाद पुलिस ने सुलझाने में कामयाबी हासिल की है। इस मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान मनोज कुमार उर्फ वकील पुत्र रामकुमार निवासी गांव मानावाली, जिला फतेहाबाद के रूप में हुई है। थाना शहर प्रभारी निरीक्षक सुरेन्द्रा ने बताया कि 11 मार्च को पुलिस को सूचना मिली थी कि सेक्टर-11 स्थित निर्माणाधीन सरकारी अस्पताल के पास सडक़ किनारे एक व्यक्ति का शव पड़ा है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की पहचान जयवीर पुत्र खेताराम, निवासी भोडिया खेड़ा के रूप में की।



हत्या मामले में गिरफ्तार युवक।

# गैस उपभोक्ताओं को नहीं होगी दिक्कत

- गैस आपूर्ति को लेकर एसडीएम ने एजेंसी संचालकों की ली बैठक

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ डबवाली**

एसडीएम अर्पित संगल ने कहा कि सभी गैस एजेंसी संचालक उपमंडल में एलपीजी गैस की आपूर्ति सुचारू रूप से जारी रखें तथा उपभोक्ताओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न होने दें। वे शुक्रवार को अपने कार्यालय कक्ष में एलपीजी गैस एजेंसियों के प्रतिनिधियों की बैठक ले रहे थे। उन्होंने एजेंसी मालिकों से कहा कि वर्तमान में एलपीजी गैस वितरण की आपूर्ति में किसी प्रकार की कोई कमी नहीं है। यदि कोई व्यक्ति गैस का अनावश्यक भंडारण करता है तो एजेंसी प्रतिनिधि इसकी सूचना तुरंत प्रशासन को दें, ताकि आवश्यक कार्रवाई की जा सके। उन्होंने बताया कि एलपीजी गैस की बुकिंग या वितरण से संबंधित किसी भी उपभोक्ता को यदि परेशानी आती है तो संबंधित एजेंसी द्वारा उसका शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जाए। जिले में घरेलू एलपीजी कनेक्शन की सप्लाई पूरी तरह सामान्य है और सभी एलपीजी वितरक एजेंसियां नियमित रूप से तेल व गैस की आपूर्ति जारी रखें, ताकि आम लोगों को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े।



**सिरसा।** गैस एजेंसी संचालकों की बैठक लेते एसडीएम। *फोटो : हरिभूमि*

# गोशाला में शेड बनने से गोवंश को मिलेगी राहत

- बाबा संतोख दास गोशाला हवन यज्ञ के साथ शेड निर्माण कार्य शुरू

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ ओढां**

बाबा संतोख दास गौशाला, ओढ़ा में 14वें स्थापना दिवस पर हवन यज्ञ का आयोजन किया गया और गौशाला कमेटी की तरफ से श्री राधाकृष्ण मंदिर व बाबा संतोख दास की समाध के आगे 30 गुना 60 फुट शेड का निर्माण कार्य शुरू किया गया। मंदिर के पुजारी पंडित महेंद्र शर्मा व आकाश शर्मा ने मंत्रोच्चारण के साथ मुख्य यजमान भीम गोदारा पत्नी शालू गोदारा के हाथों विधिवत पूजा अर्चना करवाई और हवन यज्ञ शुरू किया। गौशाला के कमेटी सदस्यों और गांववासियों ने हवन यज्ञ में आहुतियां डाली। तत्पश्चात आरती के बाद प्रसाद वितरित किया गया। प्रधान पलविंद्र सिंह चहल ने बताया कि बीती 13 मार्च 2012 को आज के दिन ग्राम पंचायत व गांववासियों के सहयोग से इस गौशाला की स्थापना संत बाबा संतोख दास के नाम से की गई थी। इस समय गौशाला में करीब 700 गोवंश है जिनकी अच्छी प्रकार से संभाल हो रही हैं।



**सिरसा।** गौशाला में शैड निर्माण कार्य शुरू करवाते। *फोटो : हरिभूमि*

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर भूप सिंह मल्हान, मंदर सिंह सरां, जोतराम शर्मा, महावीर गोदारा, भगवान सिंह कुंडर, मदन गोदारा, सुरेंद्र गोदारा, राजपाल मल्हान, सोनू पोटलिया, भूरा सिंह सिद्धू, ओमप्रकाश बेनीवाल, सुखराज धोनी मुंशी, रामलाल सिंगला, विक्रांत लेहगा, संदीप थोरी, सुखजीवन, अजीत गोदारा, सहित अनेक गोभक्त व महिलाएं मौजूद थे।

# शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाला दबोचा

- युवती ने बताया किया पहले शादी का झांसा देकर संबंध बनाए फिर किया ब्लैक मेल

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद**

शादी का झांसा देकर एक युवती का शारीरिक शोषण करने, आपत्तिजनक वीडियो वायरल करने की धमकी देकर ब्लैक मेल और उसे आत्महत्या के लिए विवश करने के मामले में कार्रवाई करते हुए भट्टूकलां पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान बजरंग पुत्र जयसिंह, निवासी बोदीवाली फतेहाबाद के रूप में हुई है। थाना भट्टूकलां प्रभारी उप-निरीक्षक राधेश्याम ने बताया कि पीड़िता ने पुलिस को दिए बयानों में बताया कि आरोपी के साथ उसकी जान-पहचान थी, जिसने उसे शादी का झांसा देकर लंबे समय तक उसका शारीरिक शोषण किया। इस दौरान आरोपी ने चोरी-छिपे कुछ आपत्तिजनक फोटो और वीडियो भी बना लिए। जब पीड़िता ने शादी के लिए दबाव बनाया, तो आरोपी ने इनकार कर दिया। इसके बाद जब पीड़िता ने अन्य जगह शादी करने की बात कही, तो आरोपी उसे पुरानी फोटो और वीडियो वायरल करने की धमकी देकर ब्लैक मेल करने लगा।



**फतेहाबाद।** दुष्कर्म व ब्लैकमेल करने के मामले में गिरफ्तार युवक।

### पीड़िता का यह है आरोप

पीड़िता की शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म, गर्भपात, शादी का झांसा देकर संबंध बनाना के आरोप में विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया था। पुलिस टीम ने वैज्ञानिक साक्ष्यों और तकनीकी जांच के आधार पर आरोपी बजरंग को काबू कर लिया है। एसएचओ के अनुसार पुलिस इस मामले के अन्य पहलुओं और डिजिटल साक्ष्यों जैसे मोबाइल वीडियो व फोटो की गहनता से जांच कर रही है।

# कार्यकर्ताओं ने मनाया अजय का जन्मदिन

- जजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह चौटाला की दीर्घायु की कामना

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा**

जननायक जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह चौटाला के जन्म दिवस पर शुक्रवार को पार्टी के ऐलनाबाद हलका अध्यक्ष अनिल कासनिया के प्रतिष्ठान पर चोपटा में पार्टी कार्यकर्तार्ओं ने केक काटकर जन्मदिन मनाया। सभी कार्यकर्ताओं ने उनके स्वस्थ व दीघार्यु जीवन की कामना की। इस मौके पर अनिल कासनियां ने कहा कि जजपा ने अपने कार्यकाल के दौरान जनता के लिए कल्याणकारी नीतियां लागू करवाई। उन्होंने कहा कि जजपा का संगठन लगातार मजबूत हो रहा है और आने वाले समय में पार्टी मजबूती के साथ वापसी करेगी। उन्होंने कहा कि हांसी में आयोजित जनचेतना रैली प्रदेश में राजनीति के मायने बदलने का काम करेगी। लाखों लोग इस जनचेतना रैली के साक्षी बनेंगे। इस उपरांत पार्टी के कार्यकर्ता गाडिय़ों के काफिले के साथ पार्टी की हांसी में आयोजित जनचेतना रैली में शिरकत करने के लिए रवाना हो गए।



**सिरसा।** अजय चौटाला के जन्मदिन पर केक काटते जजपा कार्यकर्ता।

# लूटपाट के दो आरोपित गिरफ्तार

- किराना स्टोर में घुसकर की थी एक लाख की लूट

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद**

जिले के शहर टोहाना में बस स्टैंड के सामने स्थित करियाना स्टोर में घुसकर फायरिंग करने और लूटपाट करने के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना शहर टोहाना पुलिस ने दो और मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों का पहचान कमल उर्फ बच्ची पुत्र महाबीर सिंह निवासी गीता कॉलोनी, टोहाना व मोनू उर्फ मोनी पुत्र भीरा राम निवासी तिलक नगर, रतिया रोड, टोहाना के रूप में हुई है। थाना शहर टोहाना प्रभारी निरिक्षक कुलदीप ने बताया कि यह सनसनीखेज वारदात 4 फरवरी को शाम को हुई थी। मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस द्वारा एक आरोपी को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। जांच को आगे बढ़ाते हुए पुलिस टीम ने अब इन दो अन्य आरोपियों कमल और मोनू को भी काबू कर लिया है। पुलिस अब इनसे लूट की राशि की बरामदगी और वारदात में इस्तेमाल किए गए अवैध हथियारों के स्रोत के बारे में गहनता से पूछताछ कर रही है।



**फतेहाबाद।** दुकानदार से लूटपाट मामले में गिरफ्तार दोनों युवक।

### यह था मामला

शिकायतकर्ता गौरव गर्ग ने पुलिस को बताया था कि जब वह अपनी दुकान गौरव ट्रेडिंग कंपनी पर बैठा था, तब तीन युवक एक मोटरसाइकिल पर आए। दो युवक हाथों में देसी कट्टा लेकर दुकान के अंदर घुसे और पिस्तौल तानकर पैसों की मांग की। दहशत फैलाने के लिए आरोपियों ने दुकान की दीवार पर फायरिंग भी की और करीब एक लाख रुपये लूटकर फरार हो गए। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना शहर टोहाना में मुकदमा दर्ज किया गया था।

**सख्ती** एसपी ने भूना में किया पैदल मार्च, कहा अपराध और नशा तस्करी बर्दाश्त नहीं

# भूना में बढ़ती आबादी को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस स्टेशन खोला जाएगा, भेजा प्रस्ताव

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ भूना**

पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने शुक्रवार को भूना शहर में पैदल मार्च कर सुरक्षा प्रबंधों का जायजा लिया। रामलीला ग्राउंड से थाना भूना तक निकाले गए इस मार्च के दौरान एसपी ने कहा कि अपराध और नशा तस्करी को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा तथा ऐसे तत्वों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। एसपी ने बताया कि पैदल मार्च का मुख्य उद्देश्य आम जनता में सुरक्षा की भावना को मजबूत करना और पुलिस व नागरिकों के बीच आपसी विश्वास को बढ़ाना है। पुलिस टीमें शहर में लगातार गश्त और निगरानी कर रही हैं, ताकि किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधि पर तुरंत अंकुश लगाया जा सके। उन्होंने व्यापारियों, युवाओं और स्थानीय नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि यदि कहीं भी संदिग्ध गतिविधि दिखाई दे तो तुरंत पुलिस को सूचना दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके। थाना भूना में पत्रकारों से बातचीत करते हुए एसपी जैन ने 19 जनवरी को गाजूवाला में ईआरवी-112 टीम पर हुए हमले में घायल एसपीओ सुरेंद्र किरमारा के मामले का भी जिक्र किया।



**भूना।** शहर में पैदल मार्च करते पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन। *फोटो : हरिभूमि*

### थाना भूना का निरीक्षण भी किया

इस दौरान एसपी ने थाना भूना का निरीक्षण भी किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मालखाना, शस्त्रागार, हाजत, रोजनामचा, रिकॉर्ड रूम और सीसीटीएनएस एंट्री सिस्टम की जांच की। साथ ही ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों की उपस्थिति और ड्यूटी रजिस्टर का भी अवलोकन किया। उन्होंने पुलिस कर्मचारियों को निर्देश दिए कि थाने में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति के साथ संवेदनशीलता, पारदर्शिता और सहयोग की भावना से व्यवहार किया जाए। इस मौके पर थाना प्रभारी ओम प्रकाश बिश्नोई, जांड़लीकला के पूर्व सरपंच प्रतिनिधि बलजीत मंडेरना, पुलिस प्रवक्ता विनोद कुमार, डीईओ विकास कुमार, श्यामलाल बंसल, सतीश कुमार, सब इंस्पेक्टर विजय कुमार तथा गुप्तचर विभाग के रमेश कुमार गुर्जर सहित कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।



# ओ रोमियो को बॉक्स ऑफिस पर मिला फ्लॉप का तमगा

**मुंबई।** बॉलीवुड में शेक्सपियर की कहानियों को भारतीय परिवेश में ढालने वाले निर्देशक विशाल भारद्वाज की फिल्म 'ओ रोमियो ने सिनेमाघरों में उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। शाहिद कपूर और तृप्ति डिमरी अभिनीत यह रोमांटिक एक्शन थ्रिलर 13 फरवरी को रिलीज हुई थी, लेकिन महज कुछ हफ्तों में ही इसे फ्लॉप का तमगा मिल गया। फिल्म की कुल कमाई लगभग 100 करोड़ रुपए रही, जबकि बजट और प्रमोशन मिलाकर 130 करोड़ का खर्च आया, जिससे निर्माताओं को 30 करोड़ का नेट लॉस हुआ। ओ रोमियो की कहानी 1990 के दशक के मुंबई अंडरवर्ल्ड पर आधारित है। बॉक्स ऑफिस पर फिल्म की शुरुआत ठीक-ठाक रही. पहले दिन 7.75 करोड़, दूसरे दिन 11.75 करोड़ और वैलेंटाइन डे के असर से वीकेंड में कुल 25 करोड़ से ज्यादा की कमाई हुई। लेकिन, उसके बाद गिरावट आई।



लाइफ Style

# अनन्या
## खुद को हमेशा कमतर समझा

अनन्या पांडे ज्यादातर अपने परिवार और दोस्तों के बीच दिखाई देती हैं। मगर एक बातचीत के दौरान एक्ट्रेस ने अपने पुराने रिलेशनशिप के अनुभवों से सीखने की बात स्वीकार की। अनन्या पांडे ने हाल ही में दिए अपने एक इंटरव्यू में पुराने रिलेशनशिप उससे जुड़ी उम्मीदें और अपने निजी जीवन के बारे में काफी कुछ बताया।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

एक्ट्रेस ने खुद के जीवन जीने के तरीकों में बदलाव की बात भी कही। अनन्या पांडे अपने दोस्तों और फैमिली के साथ काफी समय बिताती हैं। एक इंटरव्यू में अनन्या ने अपने अतीत और निजी जीवन के नजरिए के बारे में काफी कुछ शेयर किया। एक्ट्रेस ने कहा, 'मुझे अकेले रहने में काफी परेशानी होती है। वह हर वक्त परिवार और दोस्तों से घिरे रहना पसंद करती हैं। मगर कुछ समय बाद मुझे अकेले रहने का महात्व समझ आया। ऐसा करने से मैंने अपने जीवन में एक बदलाव महसूस किया। मुझे रिश्तों पर दोबारा सोचने का समय मिला।' एक्ट्रेस ने अपनी बातचीत में आगे बताया कि उनके पिछले रिश्ते से उन्होंने काफी सबक लिए। इस रिश्ते ने उनके आत्म-सम्मान पर भी काफी प्रभाव डाला। अकेलेपन के पहले जब वो रिश्ते में थी उन्होंने खुद को हमेशा कमतर समझा। वह हमेशा यह चाहती थी कि सामने वाले की अहमियत उनसे ज्यादा हो। जिस वजह से वह उस व्यक्ति के हिसाब से खुद को बदल लेती थीं। मगर अब वो अपने अंदर एक अलग चेंज लेकर आई हैं। एक्ट्रेस की फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा..' हाल ही में रिलीज हुई है। फिल्म में उनके साथ कार्तिक आर्यन भी नजर आए थे। अब अनन्या की दूसरी फिल्म धर्मा प्रोडक्शन की रोमांटिक ड्रामा 'चांद मेरा दिल' रिलीज होगी।

हॉलीवुड मसाला



# फैशन वीक में फ्लॉन्ट की सोने की अंगूठी

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकन एक्ट्रेस और सिंगर जेंडाया, टॉम हॉलैंड के साथ शादी की अफवाहों को लेकर चर्चा में हैं। इस बीच वह पेरिस फैशन वीक में शानदार ड्रेस में नजर आईं। इस दौरान उन्होंने अपनी अंगूठी फ्लॉन्ट की है। माना जाता है कि उन्होंने टॉम हॉलैंड के साथ अपनी शादी को कंफर्म कर दिया है। उनके फैंस ऑनलाइन यह सवाल पूछ रहे हैं कि क्या कपल ने चुपके से शादी कर ली है? जेंडाया ने लूव्र में लुई विटॉन के शो में सफेद रंग की ड्रेस में शिरकत की। शो में उन्होंने जो ज्वैलरी पहनी वह चर्चा का विषय बन गई। जेंडाया ने हाल के दिनों में सगाई की अंगूठी के बजाय एक सादी सोने की अंगूठी पहनी है। इस बात से पता चलता है कि उन्होंने शादी कर ली है। ज्वैलरी एक्सपर्ट पेज नील ने बताया कि जेंडाया ने जो अंगूठी पहनी है वह शादी की अंगूठियों की तरह है। बातचीत में नील ने कहा कि सादी अंगूठियां अक्सर आत्मविश्वास का संकेत होती हैं।



# डीसी स्टूडियो की सुपरहीरो फिल्म में शामिल हुए आरोन

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड एक्टर आरोन पियरे डीसी स्टूडियोज की आने वाली सुपरहीरो फिल्म 'मैन ऑफ टुमारो' में शामिल हो गए हैं। यह फिल्म 2025 की सुपरहिट फिल्म 'सुपरमैन' का सीक्वल है। आरोन पियरे इन दिनों अपनी वेब सीरीज 'लैंटर्न्स' को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं, जो ग्रीन लैंटर्न किरदारों पर बेस्ड है। यह सीरीज इस गर्मियों में रिलीज होगी। आरोन पियरे ने शुक्रवार को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर इस खबर की पुष्टि की। फिल्म की कहानी लिखने और निर्देशन का काम फिर से जेम्स गन ही कर रहे हैं। यह फिल्म 9 जुलाई 2027 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसके सीक्वल में डेविड कोरेन्सवेट दोबारा सुपरमैन/क्लार्क केंट का किरदार निभाते नजर आएंगे, जबकि निकोलस हॉल्ट लेक्स लूथर के रोल में वापस आ सकते हैं। इस फिल्म की शूटिंग अप्रैल में अटलांटा में शुरू होगी और गर्मियों तक चलती रहेगी। कहानी में सुपरमैन और लेक्स लूथर को एक अजीब गठबंधन करना पड़ेगा, क्योंकि उन्हें ब्रेनियाक नाम के एक बहुत ताकतवर एलियन विलेन से खतरा होगा।



# सिद्धार्थ की अगली हॉरर फिल्म का होंगे हिस्सा

**मुंबई।** अभिषेक बच्चन ने अपने अब तक के करियर में अलग-अलग जॉनर की फिल्म की हैं, लेकिन एक खास जॉनर करने से वह चूके गए हैं। अब वह सिद्धार्थ आनंद की अगली हॉरर फिल्म का हिस्सा होंगे। इस फिल्म की कहानी को लेकर भी अपडेट सामने आया है। किंग फिल्म के डायरेक्टर सिद्धार्थ आनंद अपनी मारफिक्स बैनर तले एक हॉरर फिल्म बनाएंगे। इस फिल्म में ही अभिषेक बच्चन अभिनय करेंगे। कहानी के बारे में बात करें तो यह फिल्म एक पिता और बेटी के इमोशनल रिश्ते पर होगी। फिल्म की बड़े स्तर पर वीएफएक्स का काम भी किया जाएगा। वैसे अब तक इस बात की ऑफिशियल अनाउंसमेंट मेकर्स ने नहीं की है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार अभिषेक बच्चन फिल्म 'किंग' में नेगेटिव रोल कर रहे हैं। इस फिल्म में शाहरुख खान लीड रोल में हैं। वहीं, किंग खान की बेटी सुहाना खान भी इस फिल्म का हिस्सा हैं।




# मैं वापस आऊंगा का टीजर रिलीज जब वी मेट की याद आ गई

**मुंबई।** रोमांस और प्यार की बात जब भी आती है तो इम्तियाज अली को भुलाया नहीं जा सकता। इस बार इम्तियाज 'मैं वापस आऊंगा' लेकर हाजिर हो रहे हैं, जिसका टीजर रिलीज हो गया है। दिलजीत दोसांझ की ये फिल्म रोमांटिक तो है ही साथ ही इमोशनल करने वाली भी दिख रही है। फिल्म के टीजर में गुजरे वक्त की कहानी दिखाई जाती है। टीजर में दिखाया गया है कि एक लड़का (वेदांग रैना) लड़की (शरवरी) को पसंद करता है। वो उसे छिपकर देखता रहता है। जिसके बाद उससे मिलता भी है। फिल्म नें नसीरुद्दीन शाह भी हैं जिन्हें पहचान पाना मुश्किल है। इस ट्रेलर को देखकर लोगों ने कहा- इम्तियाज तो इम्तियाज ही हैं, एक बार फिर से उन्होंने ये साबित कर दिया है। वहीं कई लोगों ने दिलजीत दोसांझ की तारीफ की है और कहा है कि रणबीर के बाद दिलजीत अब इम्तियाज के फेवरेट बन गए हैं। वहीं एक ने कहा है- 'जब वी मेट' की याद आ गई।

टीवी मसाला




# एमएक्स प्लेयर पर रिलीज होंगे इन सेलेब्स के खास शोज

**नई दिल्ली।** अमेजन एमएक्स प्लेयर ने अपनी इस साल की बड़ी रिलीज की घोषणा कर दी है। इसके अंतर्गत शिखर धवन का शो बैटलग्राउंड सीजन 2, नसीरुद्दीन शाह की मेड इन इंडिया और संजय कपूर की अब होगा हिसाब रिलीज होंगी। शिखर धवन की अगुवाई वाला शो 'बैटलग्राउंड सीजन 2' जल्द ही रिलीज होने वाला है। इसमें भारत के जबरदस्त फिटनेस के दीवाने और प्रोफेशनल एथलीट जीत के लिए संघर्ष करेंगे। नए सिरे से बने 'बैटलग्राउंड हाउस' में एक ही छत के नीचे 16 कंटेस्टेंट होंगे। इस शो के निर्देशक उत्तम डोमाले, दीपदत्त पांडे और नेहा सेठ हैं। दिव्येंदु शर्मा और भावना अरोड़ा की अदाकारी वाला शो 'वेटिंग है' इसी साल रिलीज होने वाला है। इसकी कहानी एक रेलवे पुलिस फोर्स के जवान के आस-पास घूमती है, जो तत्काल टिकट पाने की जद्दोजहद के दौरान, करोड़ों के एक घोटाले का पर्दाफाश करता है। इसके निर्देशक समीर विध्वंस होंगे। सनी हिंदुजा और मीरा चोपड़ा की अदाकारी वाली सीरीज 'विमल खन्ना' इस साल रिलीज होने के लिए तैयार है। इसके निर्देशक साकेत चौधरी और अभिनव सीकर हैं। इसमें एक ऐसे शख्स की कहानी दिखाई गई है जो हालात का मारा है और रक्षक' बन जाता है। दर्शकों को इसका इसका इंतजार है। क्रांति प्रकाश झा और निकितिन धीर की अदाकारी वाली सीरीज 'रक्तांचल 3' एक पॉलिटिकल-क्राइम सीरीज है।

## सीआईडी के मेकर्स ने मुझे अचानक निकाला

**नई दिल्ली।** आइकॉनिक क्राइम सीरीज सीआईडी का हर कोई फैन रहा है। इसका नया सीजन आया लेकिन लोगों के बीच उतना हाइप क्रिएट नहीं कर सका, जितना इसके पुराने और ओरिजनल एपिसोड्स और कलाकारों ने किया था। एसीपी प्रद्युमन, दया, फ्रेड्रिक्स, डॉक्टर सालुंखे, डॉक्टर तारिका, पूर्वी समेत कई किरदारों के अलावा, इसमें इंस्पेक्टर काजल भी थीं, जिनका किरदार 'अनुपमा' एक्ट्रेस जसवीर कौर ने निभाया था। उन्होंने अब एक इंटरव्यू में खुलासा किया कि एक दिन उन्हें अचानक शो से निकाल दिया गया और उन पर आरोप लगाए गए। उनके मुताबिक, उन पर बेबुनियाद आरोप लगाए गए और अचानक शो छोड़ने के लिए कहा गया था। इसके बाद उन्होंने 7 साल तक स्ट्रगल किया और कैमियो के अलावा इनकम टैक्स रिटर्न से गुजारा किया। मुझे ऑफिस बुलाया गया और अचानक से कहा गया कि मेरा तौर-तरीका नहीं सही था। और मैंने बिना डायलॉग्स के स्क्रिप्ट भी ले ली थी।



# तीन बड़ी फिल्मों से टकराएगी शाहिद-कृति-रश्मिका की मूवी

**मुंबई।** दीपिका पादुकोण, सैफ अली खान और डायना पेंटी की 'कॉकटेल' के बाद होमी अदजानिया इसका सीक्वल 'कॉकटेल 2' लेकर आ रहे हैं। इसमें शाहिद कपूर, कृति सेनन और रश्मिका मंदाना दिखाई देंगी। ये साल 2026 की मोस्टअवेटेड फिल्मों में से एक है, जिसकी रिलीज डेट आ गई है। शाहिद कपूर, रश्मिका मंदाना और कृति सेनन ने अपने-अपने इंस्टाग्राम पर फिल्म का फर्स्ट लुक पोस्ट करके रिलीज डेट बताई है। फिल्म 19 जून को थिएटर्स में दस्तक देगी। लेकिन, इस मूवी के लिए थिएटर्स में अपनी जगह बना पाना मुश्किल होगा। 19 मार्च को रिलीज होने वाली यश की 'टॉक्सिक' अब 4 जून को रिलीज होगी जो पैन-इंडिया फिल्म है। 6



भाषाओं में इसे बड़े पर्दे पर उतारा जाएगा। वहीं, एक हफ्ते बाद वरुण धवन की मूवी 'है जवानी तो इश्क होना है', जो पहले 10 अप्रैल से 5 जून को आनी थी, वह अब 12 जून को दस्तक देगी। फिर एक हफ्ते बाद 19 जून को 'कॉकटेल 2' आएगी और उसके एक हफ्ते बाद 26 जून को अक्षय कुमार की मल्टी स्टारर फिल्म 'वेलकम टू जंगल' बॉक्स ऑफिस पर धप्पा बोलेगी।

# इस वीकएंड ओटीटी पर लगेगा मनोरंजन का तड़का

**नई दिल्ली।** फिर वीकएंड आ गया है! कुछ लोग अपने काम निपटाएंगे। कुछ दोस्तों के साथ मुलाकात और पार्टी करना पसंद करेंगे। मगर, एंटरटेनमेंट के शौकीन अपने पसंदीदा सिनेमा का लुत्फ उठाएंगे। बढ़ती गर्मी के बीच अगर थिएटर जाने का मन नहीं है और घर बैठे ही कुछ बढ़िया देखना है तो इस वीक की ओटीटी लिस्ट चेक कर लीजिए। इस बार काफी दिलचस्प विकल्प हैं।

## रिलीज होंगी ये दिलचस्प फिल्में और सीरीज



### द ताज स्टोरी

परेश रावल अभिनीत यह फिल्म 31 अक्तूबर 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इसे लेकर काफी विवाद रहा था। वहीं, बॉक्स ऑफिस पर भी यह औसत रही। अब 'द ताज स्टोरी' ओटीटी पर रिलीज को तैयार है। यह फिल्म 13 मार्च 2026 से लायंसगेट प्ले पर स्ट्रीम हो रही है।

### एस्पिरेंट्स सीजन 3

लोकप्रिय सीरीज एस्पिरेंट्स के पिछले दो सीजन काफी पसंद किए गए। अब यह सीरीज अपने तीसरे सीजन के साथ आ रही है। टीवीएफ की यह चर्चित सीरीज 13 मार्च 2026 से प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम हो रही है। यह सीजन डीएम अभिलाष (नवीन कस्तूरिया) की सफलता के बाद की चुनौतियों को दिखाएगा। साथ ही, संदीप ओहलान के आरोपों के बाद की जांच और रिश्तों में आए उतार-चढ़ाव पर बेस्ड है। नवीन कस्तूरिया, सनी हिंदुजा और अभिलाष थपलियाल इसमें अहम रोल में नजर आएंगे।

### पूकी

फिल्म पूकी फरवरी में थिएटर्स में रिलीज हुई थी। अब यह भी ओटीटी पर आ रही है। इस फिल्म में जेन जी के रिश्तों की जटिलताओं को दिखाया गया है। वीकएंड पर इस फिल्म को देख सकते हैं। यह 13 मार्च 2026 से जी5 पर स्ट्रीम होगी। बता दें कि यह तमिल रोमांटिक ड्रामा फिल्म है।

### फंकी

अगर आप कुछ कॉमेडी से भरपूर देखना चाहते हैं तो इस वीकएंड आप 'फंकी' देख सकते हैं। यह साउथ की कॉमेडी फिल्म है। यह शुक्रवार 13 मार्च को ओटीटी पर रिलीज होगी। इसे नेटफ्लिक्स पर देखा जा सकता है।

### जूटोपिया 2

एनिमेटिड फिल्म 'जूटोपिया' का दूसरा पार्ट यानी 'जूटोपिया 2' भी इस वीकएंड की लिस्ट में शामिल है। इसे बच्चों के साथ बैठकर वीकएंड पर देखा जा सकता है। यह 11 मार्च को जियोहॉटस्टार पर रिलीज हो चुकी है।

## 15 मार्च को डॉल्बी थिएटर में होना ऑस्कर 2026 का आयोजन

# थप्पड़ से लेकर कपड़े उतारने तक की घटनाएं रहीं विवादित

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ऑस्कर 2026 का आयोजन 15 मार्च को लॉस एंजिल्स के डॉल्बी थिएटर में होना है। लेकिन, भारत में इस अवॉर्ड समारोह को सोमवार 16 मार्च की सुबह साढ़े चार बजे से देखा जा सकेगा। फैंस इस समारोह का बड़ी ही बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। ऑस्कर को फिल्म जगत का सबसे मशहूर समारोह माना जाता है। लेकिन, ऑस्कर में कई ऐसे विवाद भी हुए हैं, जो काफी चर्चाओं में रहे।

### जब गलत फिल्म का हुआ अनाउंसमेंट

2017 में बेस्ट पिक्चर कैटेगरी में 'मूनलाइट' फिल्म को अवॉर्ड दिया जाने वाला था। हालांकि, अवॉर्ड प्रेजेंटर्स को जो लिफाफा मिला, उसमें फिल्म 'ला ला लैंड' का नाम लिखा गया था। अनाउंसमेंट होने के बाद प्रेजेंटर्स ने सही नाम की घोषणा कर माफी मांगी थी।

### विल ने होस्ट क्रिस रॉक को जड़ा थप्पड़

2022 में ऑस्कर सबसे ज्यादा चर्चा में विल स्मिथ द्वारा क्रिस रॉक को मंच पर थप्पड़ मारने के चलते चर्चाओं में से सुर्खियों में रहा था। क्रिस ने विल स्मिथ की पत्नी के गंजे सिर पर मजाक किया था। कुछ देर बार विल स्मिथ को फिल्म 'किंग रिचर्ड' के लिए बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड मिला, तो उन्होंने मंच पर एकेडमी से माफी मांगी, लेकिन उन्होंने क्रिस रॉक के लिए कुछ नहीं कहा।



### मार्लन का चोरी हो गया ऑस्कर

1954 की फिल्म 'ऑन द वॉटरफ्रंट' के लिए मार्लन ब्रांडो को बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड मिला था, जो उनके घर से चोरी हो गया था। कुछ समय बाद 'टाइटैनिक' एक्टर लियोनार्डो डिकैप्रियो को यही अवॉर्ड अमेरिकन फाइनेंसर जो लो ने तोहफे में दिया। जो लो ने लियोनार्डो की फिल्म 'द वुल्फ ऑफ द वॉल स्ट्रीट' में पैसे लगाए थे।

### लियोनार्डो ने लौटाया अवॉर्ड

जब जो लो पर धोखाधड़ी के केस की जांच बैठी और उनकी संपत्ति जब्त हुई तो लियोनार्डो को ये अवॉर्ड अधिकारियों को लौटाना पड़ा। जो लो ने अधिकारियों को बताया कि ये अवॉर्ड एक ऑक्शन में 6 लाख डॉलर (5.2 करोड रुपए) में खरीदा था।

### कोरिन ने स्टेज पर उतारे कपड़े

साल 2021 के ऑस्कर अवॉर्ड के दौरान फ्रेंच अभिनेत्री कोरिन मासेरियो ने स्टेज पर ही कपड़े उतार दिए थे। उन्होंने फ्रेंच सरकार का विरोध करने के लिए ऐसा किया था। वह जैसे ही अवॉर्ड लेने के लिए स्टेज पर पहुंचीं, उन्होंने अपने कपड़े उतार दिए। उनके शरीर पर नारे लिखे हुए थे।

### एड्रियन ने हैल को स्टेज पर किया किस

साल 2003 में अमेरिकी अभिनेता एड्रियन ब्रूडी ने स्टेज पर एक्ट्रेस हैल बेरी को किस कर लिया था, जिसके बाद विवाद खड़ा हो गया। दरअसल, ब्रूडी को फिल्म 'दि पियानिस्ट' के लिए ऑस्कर मिला था। अवॉर्ड देने के लिए स्टेज पर जब अभिनेत्री हैल बेरी आईं तो अभिनेता ने उन्हें किस कर लिया।

### सेरेमनी से पहले चोरी हुईं 55 ऑस्कर ट्रॉफी

साल 2000 में ऑस्कर समारोह से 20 दिन पहले 55 ट्रॉफी से भरा ट्रक चोरी हो गया था। जल्दबाजी में सेरेमनी के लिए नई ट्रॉफी बनवाई गईं। कुछ दिनों बाद एक शख्स को कचरे के ढेर में 52 ऑस्कर ट्रॉफी मिली थीं। बची हुई 3 में से एक ट्रॉफी ड्रग रेड में मिली, लेकिन बाकी 2 ट्रॉफी आज भी लापता हैं। रिकवर हुईं सभी ट्रॉफी को नष्ट कर दिया गया था।

## खबर संक्षेप

### लिंक पर क्लिक करना पड़ा भारी, 29 हजार की ठगी

**रतिया।** डिजिटल युग में साइबर अपराधी मासूम लोगों को ठगने के नए-नए तरीके अपना रहे हैं। ताजा मामला रतिया के थाना सदर का है, जहां एक युवक को मोबाइल पर क्रिकेट मैच देखना बेहद महंगा पड़ गया। ठगों ने मोबाइल हैक कर युवक से 29 हजार 500 रुपये की धोखाधड़ी की है। इस मामले में पुलिस ने शुक्रवार को पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में गांव पिलछिया निवासी गुरप्रीत सिंह ने कहा है कि रतिया में बजाज फाइनेंस में कार्यरत है। उसने बतााया कि 11 फरवरी को वह अपने मोबाइल पर क्रिकेट मैच देख रहा था। इसी दौरान उसके मोबाइल की स्क्रीन पर एक अज्ञात लिंक आया।

### प्रिंस ग्रोवर बने नप के मनोनीत वार्ड सदस्य

**सिरसा।** शहर के वार्ड नंबर 21 से प्रिंस ग्रोवर को नगर परिषद मनोनीत वार्ड सदस्य नियुक्त किया गया है। उन्होंने अपनी नियुक्ति के लिए नगर परिषद चेयरमैन वीर शांति स्वरूप तथा वार्ड 21 की पार्षद चंद्रिका गनेरीवाला का आभार व्यक्त किया। प्रिंस ग्रोवर ने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गयी है, उसे पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निभाने का प्रयास करूंगा। उन्होंने कहा कि नगर परिषद में रहते हुए वह वार्ड और शहर के विकास के मुद्दों को प्राथमिकता के आधार पर उठाने का काम करेंगे। उन्होंने नगर परिषद चेयरमैन वीर शांति स्वरूप और पार्षद चंद्रिका गनेरीवाला का धन्यवाद करते हुए कहा कि उनके विश्वास और सहयोग से शहर के विकास कार्यों को आगे बढ़ाने का पूरा प्रयास किया जाएगा।

### म्यूटेशन व इंतकाल के लिए विशेष कैंप आज

**सिरसा।** जिला की सभी तहसीलों व उप तहसीलों में 14 मार्च को म्यूटेशन व इंतकाल संबंधी मामलों के समाधान के लिए विशेष कैंप लगाए जाएंगे। विशेष कैंप में आमजन के म्यूटेशन व इंतकाल संबंधी मामलों को हल किया जाएगा। कैंपों में तहसीलों से संबंधित अधिकारी औऱ कर्मचारी मौके पर मौजूद रहेंगे। नागरिक इन विशेष कैंपों का ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाते हुए अपने राजस्व मामलों से संबंधित समस्या का समाधान करवा सकते हैं। इन विशेष कैंप में मौके पर मौजूद अधिकारी और कर्मचारी आमजन की इन मामलों का प्राथमिकता के आधार पर हल करेंगे।

### किसानों के ट्रैक्टरों का भौतिक सत्यापन 16 को

**सिरसा।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के सहायक कृषि अभियंता इंजीनियर विजय जैन ने बताया कि वर्ष 2025-26 की एसबी-89 योजना के तहत जिला के अनुसूचित जाति वर्ग के ड्रॉ में चयनित किसानों के ट्रैक्टरों का भौतिक सत्यापन 16 मार्च को किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह भौतिक सत्यापन जिला स्तरीय कार्यकारी समिति द्वारा गठित कमेटी के माध्यम से किया जाएगा। उन्होंने संबंधित लाभार्थी किसानों से अपील की है कि वे अपने ट्रैक्टरों सहित नई निर्माणाधीन अनाज मंडी के बाहर, दिल्ली बाईपास, गांव नेजाडेला कलां के नजदीक निर्धारित स्थान पर सुबह 10 बजे से पहुंचकर अपने ट्रैक्टरों का भौतिक सत्यापन करवाएं, ताकि योजना का लाभ प्राप्त करने की प्रक्रिया समय पर पूरी हो सके।

### मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक में दर्ज मामलों की समीक्षा

**डबवाली।** एसडीएम कार्यालय में शुक्रवार को उनके कार्यालय कक्ष में अनुसूचित जाति एवं जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के अंतर्गत उपमंडल स्तरीय विजिलेंस एवं मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक हुई जिसमें अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत एक दिसंबर 2025 से 28 फरवरी 2026 तक दर्ज मामलों की समीक्षा की गई। एसडीएम अर्पित संगल ने कहा कि यदि अनुसूचित जाति या जनजाति से संबंधित किसी भी व्यक्ति के प्रति कोई दुर्व्यवहार या अत्याचार होता है, तो संबंधित विभाग तुरंत कानूनी कार्यवाही करे और पीड़ित को शीघ्र आर्थिक सहायता प्रदान की जाए।

## एमएम कॉलेज में राज्यपाल के जन्मदिवस पर रक्तदान शिविर

# युवाओं द्वारा किया गया रक्तदान किसी को दे सकता है नया जीवन : रजिस्ट्रार

- इस शिविर में कॉलेज के विद्यार्थियों ने बढ़-चढक़र हिस्सा लिया
- करीब 30 यूनिट रक्तदान कर राज्यपाल की दीर्घायु व स्वस्थ जीवन की कामना की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद



फतेहाबाद। एमएम कॉलेज में आयोजित शिविर में रक्तदान कर रहे विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते अतिथिगण। फोटो : हरिभूमि

मनोहर मैमोरियल कॉलेज, फतेहाबाद में हरियाणा के राज्यपाल एवं भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी, हरियाणा राज्य शाखा के अध्यक्ष प्रोफेसर असीम कुमार घोष के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

यूथ रेडक्रॉस द्वारा जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सहयोग से आयोजित इस शिविर में कॉलेज के विद्यार्थियों ने बढ़-चढक़र हिस्सा लिया और करीब 30 यूनिट रक्तदान कर राज्यपाल की दीर्घायु व स्वस्थ जीवन की कामना की। कार्यक्रम में चौधरी देवीलाल यूनिवर्सिटी, सिरसा के रजिस्ट्रार डॉ. सुनील कुमार ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। रक्तदाताओं को प्रोत्साहित करते हुए डॉ. सुनील कुमार ने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है, क्योंकि आपका दिया हुआ रक्त किसी जरूरतमंद को नया जीवन दे सकता है। युवाओं द्वारा इस नेक कार्य में दिखाया गया उत्साह समाज के लिए एक प्रेरणा है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर एमएम एजुकेशन सोसायटी के वरिष्ठ सदस्य सुनील चौधरी ने भाग लिया वहीं प्रधान राजीव बत्रा, सचिव विनोद मेहता एडवोकेट विशेष तौर पर मौजूद रहे।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर कॉलेज स्टाफ से डॉ. प्रतिभा मखीजा, मेजर रजनी वर्मा, डिप्टी सुपरीडेंट अनु जिंदल, डॉ. कान्ता, मुकेश कुमार, पाला रानी, मनप्रीत, नैन्सी, मंजू, पिंकी, ममता स्वामी सहित समस्त स्टाफ सदस्य मौजूद रहे। कार्यक्रम के समापन पर प्राचार्य डॉ. गुरचरण दास ने सभी अतिथियों का धन्यवाद किया और उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

### संस्था सामाजिक कार्यों में अग्रणी रही : बत्रा

*मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए प्रधान राजीव बत्रा ने कहा कि संस्था हमेशा से सामाजिक कार्यों में अग्रणी रही है और राज्यपाल के जन्मदिन को इस तरह सेवा भाव से मनाना गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी इस प्रकार के कार्यक्रम जारी रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज प्राचार्य डॉ. गुरचरण दास ने की। शिविर की सफलता में एनएसएस वॉलंटियर्स ने ब्वॉयज विंग इंचार्ज डॉ. विकेश सेठी के मार्गदर्शन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। शिविर में प्रो. रश्मि, सुशील कुमार, डॉ. भारती, प्रो. वारिस व बलवान ने रक्तदाताओं के लिए जलपान की उचित व्यवस्था संभाली। जिला रेडक्रॉस सचिव रविन्द्र लौहान, सहायक सचिव रवि हुड्डा, सुरेन्द्र कुमार चुघ, सुनील भाटिया भी मौजूद रहे और एमएम कॉलेज द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की प्रशंसा की।*

ऐसा सत्संग नहीं चाहिए, जिससे जीवन में दुगुर्णों की प्रतिष्ठा हो

# देखकर भी अनदेखा करना अविवेकी: स्वामी दिव्यानंद

- वह सत्संग भी सत्संग नहीं, जहां विवेक और मयार्दा की चर्चा न हो

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा


सिरसा। स्वामी दिव्यानंद महाराज के साथ श्रद्धालुजन। फोटो : हरिभूमि

चौधरी देवीलाल गौशाला में आयोजित गौ गोपाल कथा में स्वामी डॉ. दिव्यानंद महाराज ने कहा कि आज सडक़ों के किनारे पॉलिथीन युक्त कचरे के ढेर लगे पड़े हैं, गाय उसे खा रही है। हम यह सब देखकर भी अनदेखा किए जा रहे हैं। मतलब हम जानते हुए भी अविवेकी हैं, बुरा हो रहा है फिर भी हम आंखें मूंदे हुए हैं। आसुरी सोच ही असुर हो जाना है। उन्होंने कहा कि ऐसा सत्संग नहीं चाहिए, जिससे जीवन में दुगुर्णों की प्रतिष्ठा हो। वह सत्संग भी सत्संग नहीं, जहां विवेक और मयार्दा की चर्चा न हो। अनुभवी सत्पुरुषों की वाणी को हम मनोरंजन बनाए जा रहे हैं। अभक्ष्य भोजन खाने-पीने वाला कंस यदि पिता को जेल में डाल रहा है तो गोदुग्ध पीने वाले श्री कृष्ण जेल से माता-पिता को मुक्त करा रहे हैं।

गौ सेवक, गाय की इतनी महिमा और हम फिर भी गौ सेवा के प्रति इतने उदासीन क्यों? ये कथाएं केवल कहानियां नहीं, हम सबके लिये प्रेरणा हैं। इसीलिये गोदर्शन, गौ सेवा और गोदान का भरपूर लाभ प्राप्त करें। लायंस क्लब उमंग के सदस्यों ने गौपूजन एवं गौ दान किया। इस अवसर पर अनिल कालड़ा, राम विलास धानुका, संदीप मेहता, सतपाल जिंदल, सोनू डूमरा, रमेश कुमार जमालिया, चंद्रशेखर आनंद, प्रवीण महीपाल, रतनलाल महीपाल, प्रदीप शर्मा, कस्तूरी लाल छाबड़ा, सागर गर्ग, कैलाश सर्राफ, सत्यनारायण मित्तल, ऋषि बांसल आदि मौजूद थे।

### मानव जीवन भोग विलासों में गंवा दिया तो यह पशु तुल्यः आत्मानंद पुरी

**सिरसा।** अपने समक्ष लोगों को रोज मरते हुए देख कर व मृत्यु की सच्चाई जानते हुए भी हम सावधान नहीं होते कि एक दिन हम भी काल का ग्रास बन जाएंगे। शिव शक्ति योग मिशन द्वारा लक्ष्मी नारायण मंदिर हुड्डा में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ के दूसरे दिन स्वामी आत्मानंद पुरी ने उक्त बातें बताते हुए कहा कि भगवान ने मात्र मनुष्य योनि में जन्म लेने वालों को समय के सदुपयोग व कर्म करने की स्वतंत्रता दी है, पर यदि इस



दिव्य योनि में जन्म ले कर हमने इसे खाने पीने व भोग विलासों में बेकार गंवा दिया तो पशुओं और मनुष्यों में कोई अंतर नहीं रहेगा। उन्होंने बताया कि भोग भोगते समय आनंद का अनुभव होता है पर उसका परिणाम बहुत कष्टदायी होता है, अतः सत्संग व कथा श्रवण के माध्यम से इंद्रियों को वश में करने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि राजा परीक्षित को पता था कि सात दिनों बाद उसकी म्रत्यु तय है पर उसने राजपाट त्याग कर अपने कल्याण के लिए संतों की शरण ली। उन्होंने कहा कि सच्चे भक्त भगवान से कुछ मांगने की जगह स्वयं ही ईश्वर को समर्पित हो जाते हैं। सच्चे संत की पहचान बताते हुए उन्होंने कहा कि संत सुख दुख को समभाव से देखते हैं तथा हरेक के दुखों को दूर करने हेतु तत्पर रहते हैं क्योंकि संत हर किसी में ईश्वर का ही रूप देखते हैं। इस अवसर पर नत्थू राम गर्ग, सुशील कुमार गोयल, मदन लाल गुप्ता, निर्मल कंदोई, विश्वबंधु गुप्ता, सुमन मित्तल, रमेश जमालिया, अमित कुमार, एलएस अग्रवाल, किशन कुमार, कीर्ति बंसल, सुरेश बंसल, गीतांश शर्मा, ओम प्रकाश शर्मा, उजाला राम, जनक गर्ग सहित अनेक गणमान्य मौजूद थे। भागवत आरती तथा सभी को प्रसाद वितरण किया गया।


कलायत। गांव कोयल में रक्तदाताओं को सम्मानित करते संपूर्ण कोयल व गणमान्य लोग।

### विज्ञान केवल लैब तक सीमित नहीं : धुरिया

**सिरसा।** गांव मोरीवाला स्थित श्री चैतन्य टेक्नो स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का भव्य आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी स्कूल के विद्यार्थियों ने विज्ञान, गणित, सामाजिक अध्ययन और स्टेम पर आधारित अपने प्रोजेक्ट्स के माध्यम से अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य छात्रों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करना और यह समझाना था कि विज्ञान केवल किताबी ज्ञान नहीं, बल्कि हमारे दैनिक जीवन का अनिवार्य हिस्सा है। प्रधानाचार्या जीना धुरिया ने कहा कि अक्सर यह मिथक होता है कि विज्ञान केवल मेडिकल या नॉन-मेडिकल के छात्रों के लिए है। लेकिन वास्तव में बिजली, दवाइयों और रोजमर्रा की छोटी गणनाओं से लेकर समस्याओं के समाधान तक, हर जगह विज्ञान और तार्किक सोच की आवश्यकता होती है। उन्होंने कहा कि एक टेक्नो स्कूल होने के नाते हमारा लक्ष्य हर छात्र को जिज्ञासु और इनोवेटिव बनाना है।

पुलिस लाइन सिरसा के सामुदायिक केंद्र में आयोजित हुआ शिविर

# स्वास्थ्य जांच शिविर में 105 पुलिसकर्मियों की हुई जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा


सिरसा। पुलिस लाइन में स्वास्थ्र जांच शिविर में पहुंचे एसपी। फोटो : हरिभूमि

पुलिस लाइन सिरसा के सामुदायिक केंद्र में शुक्रवार को पुलिस जवानों और उनके पारिवारिक सदस्यों के मानसिक स्वास्थ्य एवं सामान्य रोगों की जांच के लिए एक विशेष मेडिकल कैंप आयोजित किया गया जिसमें 105 पुलिस जवानों व उनके परिवारजनों का मानसिक स्वास्थ्य और सामान्य बीमारियों की काउंसलिंग की गई। कैंप का मुख्य उद्देश्य पुलिस जवानों और उनके परिवारजनों में मानसिक स्वास्थ्य एवं अन्य रोगों के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उनके मानसिक तनाव को कम करना था। पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण ने इस अवसर पर कहा कि स्वस्थ शरीर मानव जीवन की सबसे बड़ी संपत्ति है, इसलिए प्रत्येक पुलिस जवान को अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहना चाहिए। उन्होंने बताया कि समय-समय पर पुलिस जवानों और उनके परिवारजनों के स्वास्थ्य की जांच के लिए ऐसे मेडिकल शिविरों का आयोजन किया जाता है। उन्होंने कहा कि इस तरह के मेडिकल कैंप का उद्देश्य पुलिस के जवानों एवं उनके परिवारजनों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना है, ताकि वे स्वस्थ रहें।

## यज्ञ के प्रथम दिवस का आयोजन अत्यंत श्रद्धा, उत्साह और आध्यात्मिक वातावरण के बीच संपन्न हुआ

# आर्य समाज फतेहाबाद में तीन दिवसीय ऋग्वेद पारायण यज्ञ शुरू, वैदिक मंत्रों से गुंजायमान हुआ वातावरण

- कप्रात :काल से ही यज्ञ स्थल पर श्रद्धालुओं की भारी उपस्थिति देखने को मिली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद


फतेहाबाद। आर्य समाज द्वारा आयोजित ऋग्वेद पारायण यज्ञ में भाग लेते श्रद्धालु।

सुंदर नगर स्थित आर्य समाज मंदिर में तीन दिवसीय ऋग्वेद पारायण यज्ञ के प्रथम दिवस का आयोजन अत्यंत श्रद्धा, उत्साह और आध्यात्मिक वातावरण के बीच संपन्न हुआ। प्रातःकाल से ही यज्ञ स्थल पर श्रद्धालुओं की भारी उपस्थिति देखने को मिली।

शुक्रवार को यज्ञ की प्रथम वेला के समापन तक समूचा क्षेत्र वेद मंत्रों की पवित्र ध्वनि और आहुतियों की सुगंध से सराबोर रहा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने आहुति डालकर आत्मिक शांति और विश्व कल्याण की कामना की। कार्यक्रम का आरंभ वैदिक परंपरा के अनुसार अग्नि प्रज्वलन और मंगलकारी मंत्रोच्चारण के साथ किया गया।

यज्ञ के ब्रह्मा आचार्य सुरेश शास्त्री एवं पुरोहित दीपक शास्त्री ने ऋग्वेद के मंत्रों का पाठ करते हुए यज्ञ में आहुतियां अर्पित कीं तथा उपस्थित श्रद्धालुओं को वैदिक संस्कृति और ऋषियों की महान परंपरा से अवगत कराया।

आचार्य सुरेश शास्त्री ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि ऋग्वेद संसार का प्राचीनतम ग्रंथ है, जो मानव मात्र को सत्य, ज्ञान और सदाचार के मार्ग पर चलने का संदेश देता है। प्रथम वेला के दौरान विशेष औषधीय युक्त सामग्री से आहुतियाँ दी गईं।

यज्ञाचार्यों ने यज्ञ के वैज्ञानिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यज्ञ केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं है, बल्कि यह पर्यावरण संरक्षण, मानसिक शुद्धि और सामाजिक एकता का सशक्त माध्यम है। इससे न केवल वायुमंडल शुद्ध होता है, बल्कि व्यक्ति के विचारों में भी सात्विकता आती है। यज्ञ में शामिल श्रद्धालुओं ने न केवल मंत्रों के साथ आहुतियाँ दीं, बल्कि अपनी गौरवशाली वैदिक संस्कृति और ऋषि परंपरा के संरक्षण का संकल्प भी लिया।

### आर्य अरुण ग्रोवर ने श्रद्धालुओं से आह्वान किया

आर्य समाज के प्रधान आर्य अरुण ग्रोवर ने श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त करते हुए आगामी वेलाओं में भी अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर वैदिक यज्ञ का लाभ लेने का आह्वान किया। बता दें कि यह तीन दिवसीय ऋग्वेद ज्ञान यज्ञ निरंतर तीन दिनों तक विभिन्न वेलाओं में आयोजित किया गया है। तीन दिनों प्रातः 9 से 11 बजे तक एवं सायं 4 से 6 बजे तक यज्ञ (हवन) एवं प्रवचन होंगे, जिसमें वैदिक मंत्रोच्चार, यज्ञ, प्रवचन और वैदिक संस्कृति से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की जाएगी। कार्यक्रम में शहर के अनेक गणमान्य व्यक्ति, सामाजिक कार्यकर्ता और आर्य समाज के प्रतिनिधि विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## न्यूज डायरी

### हकृवि में खरीफ कृषि मेला 23 व 24 मार्च को




**फतेहाबाद।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में किसानों को खरीफ फसलों की उन्नत तकनीकों से अवगत कराने के उद्देश्य से 23 व 24 मार्च को दो दिवसीय कृषि मेला खरीफ का आयोजन किया जाएगा। मेले में प्रदेशभर के किसानों, कृषि वैज्ञानिकों, कृषि उद्यमियों, विभिन्न विभागों और संस्थाओं की भागीदारी रहेगी। कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा फतेहाबाद जिले से भी किसानों की भागीदारी सुनिश्चित करने को लेकर किसानों को निमंत्रण दिया जा रहा है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने बताया कि इस कृषि मेले का मुख्य उद्देश्य किसानों को खरीफ फसलों की नवीनतम किस्मों, उन्नत कृषि तकनीकों, प्राकृतिक संसाधन संरक्षण तथा कृषि यंत्रीकरण से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराना है। मेले के दौरान विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक किसानों को धान, कपास, बाजरा, दलहन एवं तिलहन फसलों की उन्नत किस्मों और वैज्ञानिक प्रबंधन के बारे में विस्तार से जानकारी देंगे। मेले में किसानों के लिए फसल उत्पादन तकनीक, कीट एवं रोग प्रबंधन, जल संरक्षण, मृदा स्वास्थ्य, कृषि यंत्रीकरण, बागवानी, पशुपालन तथा मधुमक्खी पालन से संबंधित विभिन्न प्रकार की प्रदर्शनियां लगाई जाएंगी। इसके अतिरिक्त कृषि यंत्रों, उन्नत बीजों, जैविक उत्पादों तथा कृषि आधारित उद्योगों की भी प्रदर्शनी आयोजित की जाएगी। विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. रमेश कुमार ने बताया कि किसानों के साथ वैज्ञानिक-किसान संवाद कार्यक्रम भी आयोजित होगा, जिसमें किसान अपनी समस्याओं के समाधान के लिए सीधे विशेषज्ञों से चर्चा कर सकेंगे।

### गेहूं की फसल पर बोनस दे सरकार : अमित सिहाग

**डबवाली।** डबवाली के पूर्व विधायक अमित सिहाग ने राज्य सरकार से सरसों की फसल की जल्द खरीद करने की मांग के साथ-साथ गेहूं की फसल पर अतिरिक्त बोनस देने की मांग की है। पूर्व विधायक अमित सिहाग ने जारी बयान में कहा कि हालांकि सरकार ने सरसों की खरीद की तारीख 28 मार्च तय की है मगर अभी तक फसल खरीद के लिए पुख्ता प्रबंध नहीं किए गए हैं। उन्होंने कहा कि सरसों की फसल की मंडियों में आवक को देखते हुए सरकार 28 मार्च की बजाय 16 मार्च निर्धारित कर खरीद को शुरू करवाए ताकि किसान अपनी फसल एमएसपी 6200 रुपए में बेच सके अन्यथा उन्हें अपनी फसल औने पौने दामों में बेचने को मजबूर होना पड़ेगा। साथ ही सिहाग ने कहा कि इस बार गर्मी का मौसम जल्द शुरू होने के चलते बहुत से इलाकों में तापमान 37 से 38 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है, जिससे गेहूं की फसल की पैदावार कम होने की आशंका बन गई है। उन्होंने कहा कि पड़ोसी राज्य राजस्थान द्वारा किसानों को प्रति क्विंटल 150 रुपए बोनस देने की तर्ज पर ही हरियाणा सरकार को भी 500 रुपए प्रति क्विंटल बोनस देने की मांग की प्रदेश के किसानों को लाभ मिल सके।

### कॉन्वेंट स्कूल में मेगा स्कॉलरशिप कम एंट्रेंस टेस्ट आज

**फतेहाबाद।** पायनियर कॉन्वेंट स्कूल द्वारा कक्षा एलकेजी से 9वीं तथा 11वीं तक प्रवेश हेतु मेगा स्कॉलरशिप कम एंट्रेंस टेस्ट का आयोजन शनिवार, 14 मार्च को प्रातः 10 बजे विद्यालय परिसर में किया जाएगा। कक्षा एलकेजी से 9वीं तक के मेधावी विद्यार्थियों के लिए विशेष छात्रवृत्ति का प्रावधान है। इसमें 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने पर 100 प्रतिशत प्रवेश शुल्क माफी, 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने पर बुक सेट तथा 60 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने पर स्कूल यूनिफॉर्म प्रदान की जाएगी। वहीं कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों के लिए 21 हजार, 11 हजार, 5100, 3100 व 2100 रुपये के नगद पुरस्कार दिए जाएंगे। विद्यालय की प्रधानाचार्या गीतिका मेहता ने बताया कि इच्छुक विद्यार्थी सीधे परीक्षा देने के लिए कल निर्धारित समय पर विद्यालय में उपस्थित हो सकते हैं।



### डेरा सच्चा सौदा की प्रेरणा से द्रोपती देवी बनी शरीरदानी

**फतेहाबाद।** भट्टू रोड स्थित शिव नगर में मानवता और सेवा की अनूठी मिसाल उस समय देखने को मिली जब समाजसेवी धर्मपाल सचदेवा की माता द्रोपती देवी पत्नी नियामत राम अपनी सांसारिक यात्रा पूर्ण कर स्वर्ग सिधार गई। परिजनों व साध-संगत ने महान निर्णय लेते हुए माता द्रोपती देवी का शरीरदान श्री सिद्धि विनायक मेडिकल कॉलेज, संभल, उत्तर प्रदेश को किया, ताकि यह शरीर मेडिकल शिक्षा प्राप्त कर रहे भावी डॉक्टरों के लिए उपयोगी साबित हो सके। उनके शरीरदान के इस सेवा कार्य की पूरे क्षेत्र में भूरी-भूरी प्रशंसा की जा रही है। बता दें कि इससे पहले उनके पति नियामतराम ने भी मानवता भलाई के लिए मरणोपरांत शरीरदान कर अमर हुए थे। द्रोपती देवी की अंतिम यात्रा शिव नगर, सीमा संस्कार स्कूल वाली गली से शुरू होकर शहर के प्रमुख मार्गों से होती हुई लाल बत्ती चौक तक पहुंची। इस दौरान बड़ी संख्या में साध-संगत व शहरवासियों ने नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी। साध-संगत द्वारा पवित्र नारे व विनती बोलकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। द्रोपती देवी की पोतियां नेहा रानी, कोमल रानी और चाहत ने 'बेटा-बेटी एक समान' मुहिम का अनुसरण करते हुए अपनी दादी की अर्थी को कंधा देकर समाज को सकारात्मक संदेश दिया।

### श्री विचार आश्रम का वार्षिक समारोह 15 व 16 मार्च को

**फतेहाबाद।** श्री विचार आश्रम मंदिर फतेहाबाद का वार्षिक समारोह 15 और 16 मार्च को बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। ब्रह्मलीन श्री विचार आत्मानंद महाराज के 56 वे निर्वाण दिवस के उपलक्ष्य में संत समागम, भजन संध्या, श्रद्धांजलि समारोह, सत्संग, भजन संकीर्तन सहित अनेक धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ ध्वजारोहण के साथ होगा। स्वामी ध्यान प्रेमानंद और स्वामी विज्ञान प्रेमानंद महाराज के सानिध्य में आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता स्वामी विचार सेवानंद महाराज करेंगे। श्री विचार आश्रम में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम को लेकर के श्रद्धालुओं में काफी उत्साह का माहौल है और कार्यक्रम की जोर-शोर से तैयारियां चल रही है। यहां पहुंचने वाले श्रद्धालुओं के लिए भंडारे इत्यादि की विशेष व्यवस्था के लिए कार्यकर्ताओं की ड्यूटियां लगाई गई है। सेवादार सुदर्शन नरूला ने बताया कि 15 मार्च को संत समागम एवं भजन संध्या का आयोजन रात्रि 8 बजे से 11 बजे तक किया जाएगा। 16 मार्च को सुबह ब्रह्मलीन श्री स्वामी विचार आत्मानंद महाराज के निर्वाण दिवस के उपलक्ष्य में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जाएगा और विधिवत पूजा अर्चना के मंत्र उच्चारण के साथ ध्वजारोहण भी किया जाएगा।

### एनजीटी के आदेशों की उड़ रही है धज्जियां, घग्गर के किनारो पर गिराया जा रहा है अवैध रूप से कचरा

**रतिया।** नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के आदेशों के बाद भी रतिया के मुख्य नदी के किनारे पर लोगों द्वारा कचरा व गंदगी डाला जा रहा है। इस कारण घग्गर के आसपास रहने वाले लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसको लेकर आज मोहल्ला वासियों ने इसकी शिकायत नगर पालिका व जिला उपायुक्त को करते हुए घग्गर के आसपास बने हुए डंपिंग पॉइंट को हटाने की मांग की है। घग्गर के आसपास रहने वाले राजविंदर सिंह उर्फ राजू खोखर, सरपंच गुरप्रीत सिंह, बलविंदर सिंह, कृष्ण कुमार, हैप्पी सिंह तथा अन्य लोगों ने बताया कि कुछ लोगों द्वारा घग्गर नदी के किनारों के आसपास रात के समय कचरा व गंदगी डाली जाती है। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल द्वारा घग्गर में कचरा और गंदगी डालने पर प्रतिबंध भी लगा हुआ है लेकिन फिर भी काफी संख्या में लोग यहां पर कचरा डाल जाते है। इस कारण न केवल आसपास रहने वाले लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है वही घग्गर नदी भी दूषित हो रही है। उन्होंने बताया कि घग्गर के किनारे कई अस्थाई डंपिंग पॉइंट बनाए हुए जिस कारण नदी प्रदूषित हो रही है इसलिए घग्गर के आसपास कचरा डालने वाले लोगों को रोकने के लिए कड़े कदम उठाए जाने चाहिए। इस मामले में नगर पालिका सचिव का कहना है कि घग्गर के आसपास नगर पालिका द्वारा कोई डंपिंग पॉइंट नहीं बनाया गया है।

### पेंशन समस्याओं के समाधान को लगाया विशेष कैंप

**टोहाना।** समाज कल्याण विभाग द्वारा टोहाना के नगर परिषद परिसर में सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए विशेष कैंप का आयोजन किया गया। डीसी डॉ. विवेक भारती ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि आमजन को सरकारी योजनाओं से जुड़ी किसी भी प्रकार की समस्या का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कैंपों का मुख्य उद्देश्य लोगों को दफ्तरों के बार-बार चक्कर लगाने से राहत देना और उनकी समस्याओं का मौके पर ही समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने बताया कि कई लाभार्थियों को पेंशन से जुड़ी तकनीकी समस्याओं, बैंक खाते की जानकारी में त्रुटि, आधार लिंकिंग तथा जन्म तिथि से संबंधित त्रुटियों के कारण परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। ज जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि कैंप में मौजूद अधिकारियों व कर्मचारियों ने लाभार्थियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए उनका समाधान किया तथा आवश्यक मार्गदर्शन भी प्रदान किया। उन्होंने कहा कि विभाग का प्रयास है कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना का लाभ पात्र व्यक्तियों तक समय पर और बिना किसी बाधा के पहुंचे।

**खबर संक्षेप**

## टोहाना में शहीद चौक की दुर्दशा पर किसानों में रोष

**टोहाना।** शहर के शहीद चौक की दुर्दशा को लेकर पगड़ी संभाल जट्टा किसान संघर्ष समिति ने नाराजगी जताई है। संगठन ने प्रशासन को 23 मार्च, शहीदी दिवस से पहले चौक की स्थिति सुधारने का अल्टीमेटम देते हुए कहा है कि यदि प्रशासन ने शहीदी दिवस से पहले चौक की हालत में सुधार नहीं करवाया तो किसान नेताओं का विरोध करेंगे, जिसकी जिम्मेदारी सरकार की होगी। इस विरोध प्रदर्शन में संयुक्त किसान मोर्चा और भारतीय किसान यूनियन भी शामिल होंगे।

## 29 हजार का बिल दिए बिना फरार हुआ चालक

**रतिया।** शहर में एक गैरिज से वरना गाड़ी को ठीक करवाने के बाद चालक बिना बिल दिए ही गाड़ी लेकर फरार हो गया। बार-बार कॉल करने के बाद भी ड्राइवर ने जब कोई रिस्पांस नहीं दिया, तो आखिरकार गैरिज संचालक ने पुलिस को शिकायत दी है। रतिया सिटी थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में ढाणी बबनपुर के बलदेव सिंह ने बताया कि उसकी फतेहाबाद रोड पर पंजाब मोटर गैरिज के नाम से दुकान है।

## दुर्घटना में मृत्यु होने पर मिलेगी वित्तीय सहायता

**सिरसा।** हरियाणा श्रम विभाग द्वारा पंजीकृत कामगारों के सामाजिक सुरक्षा को मजबूत करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री सामाजिक सुरक्षा योजना संचालित की जा रही है। इस योजना के तहत यदि किसी पंजीकृत कामगार की कार्यस्थल पर दुर्घटना के कारण मृत्यु हो जाती है, तो श्रम विभाग द्वारा उसके नामांकित व्यक्ति या कानूनी उत्तराधिकारी को 5 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। श्रम विभाग के अनुसार इस योजना के लिए केवल वहीं कामगारों पात्र होंगे जिनका विभाग में नियमित पंजीकरण होना आवश्यक है।

## अप्रैल तक बिना विलंब शुल्क के करें आवेदन

**सिरसा।** राजकीय महिला महाविद्यालय में स्थित इग्नू स्टडी सेंटर के कोऑर्डिनेटर डॉ. विक्रमजीत सिंह ने बताया कि इग्नू की जून 2026 में होने वाली टर्म एंड एग्जामीनेशन परीक्षाओं का ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म जमा करने के लिए पोर्टल 10 मार्च से खोल दिया है। उन्होंने बताया विद्यार्थी अपने फॉर्म आधिकारिक वैबसाइट पर जाकर अपना ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म जमा कर सकते हैं। परीक्षा फार्म जमा करने के लिए पोर्टल 10 अप्रैल तक बिना लेट फीस के साथ खुला रहेगा।

## बीईओ ने रखा निर्माणाधीन कक्ष का नींव पत्थर

**सिरसा।** राजकीय मॉडल संस्कृति प्राइमरी स्कूल में निर्माणाधीन कक्षा कक्ष की नींव पत्थर खंड शिक्षा अधिकारी रमेश कुमार ने रखा। चमन भारतीय ने बताया कि इस अवसर पर विद्यालय की कन्याओं ने भी भूमिपूजन किया। उन्होंने बताया कि उक्त निर्माण पब्लिक फाइनेंशियल मैनेजमेंट सिस्टम ग्रांट के अनुसार किया जाएगा, जिससे विद्यार्थियों को पढ़ाई करने के लिए बेहतर वातावरण मिलेगा।

### सड़क निर्माण के दौरान टूटी पानी की पाइपलाइन

# प्रजापति कॉलोनी व मजदूरों के सामने पीने के पानी का संकट

**डेढ़ वर्ष पहले सीएम के ओएसडी के आदेश पर डाली गई थी पीवीसी लाइन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भूना



**भूना।** भूना-उकलाना सड़क निर्माण के दौरान टूटी पानी की पाइपलाइन दिखाते प्रजापति बस्ती के लोग

उकलाना रोड पर सिरसा-चंडीगढ़ स्टेट हाईवे-2 के निर्माण कार्य के दौरान ठेकेदार की लापरवाही से प्रजापति कॉलोनी, आसपास के राइस मिलों और ईंट भट्ठों में काम करने वाले सैकड़ों मजदूरों के सामने पीने के पानी का संकट खड़ा हो गया है।

सड़क निर्माण के दौरान जेसीबी मशीन से पीने के पानी की पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई, जिससे इलाके में पानी की आपूर्ति बंद हो गई।

प्रजापति कॉलोनी निवासी सुभाष चंद्र, रमेश कुमार, सत्यवान और सूरजमल ने बताया कि अब उनके सामने पीने के पानी की बड़ी समस्या खड़ी हो गई है।

उन्होंने बताया कि करीब डेढ़ वर्ष पहले ही मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से कबीर कुटीर मुख्यमंत्री निवास पर समस्याग्रस्त लोग मुख्यमंत्री से मिले थे। जिस पर वहां मुख्यमंत्री के ओएसडी भूषण भारती के आदेश पर बस्ती और आसपास काम करने वाले मजदूरों के लिए पीने के पानी की सुविधा उपलब्ध करवाई गई थी। उस समय संबंधित विभाग द्वारा लगभग पौने किलोमीटर लंबी पीवीसी पाइपलाइन बिछाकर पानी की समस्या का समाधान किया गया था।

### ठेकेदार की लापरवाही से खड़ी हुई समस्या

स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क निर्माण के दौरान ठेकेदार ने पूरी तरह लापरवाही बरती और पाइपलाइन को सुरक्षित रखने का कोई प्रयास नहीं किया। जेसीबी मशीन से खुदाई करते समय पाइपलाइन को तोड़ दिया गया, जिससे पानी की सप्लाई पूरी तरह बंद हो गई है। इससे प्रजापति कॉलोनी के साथ-साथ ईंट भट्ठों पर काम करने वाले श्रमिकों और राइस मिलों में गेहूं सीजन के दौरान काम कर रहे मजदूरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि भीषण गर्मी के मौसम में पानी की किल्लत से हालात और ज्यादा गंभीर हो सकते हैं। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द पाइपलाइन को दुरुस्त कर पानी की सप्लाई बहाल करवाई जाए, ताकि बस्ती और मजदूरों को राहत मिल सके। वहीं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के एसडीओ भागीराम ने बताया कि अभी तक उनके पास इस मामले में कोई लिखित शिकायत नहीं आई है। उन्होंने कहा कि शिकायत मिलने पर मामले की जांच की जाएगी और यदि ठेकेदार की लापरवाही सामने आती है तो उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की।

# अधिकारियों की नींद टूटी, उकलाना रोड पर मिट्टी हटवाकर दोबारा डलवाए पत्थर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भूना



**भूना।** सिरसा-चंडीगढ़ स्टेट हाईवे-2 पर सड़क के दोनों ओर तीन-तीन फीट चौड़ा करने के कार्य में मिट्टी निकाल कर डाले गए पत्थर *फोटो : हरिभूमि*

**हरिभूमि असर**

सिरसा-चंडीगढ़ स्टेट हाईवे-2 पर सड़क के दोनों ओर तीन-तीन फीट चौड़ा करने के कार्य में अनियमितताओं को लेकर खबर प्रमुखता से प्रकाशित होने के बाद लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों की नींद टूट गई। शुक्रवार को विभाग के उच्च अधिकारी मौके पर पहुंचे और ठेकेदार द्वारा डाली गई मिट्टी को निकलवाकर पर्याप्त मात्रा में पत्थर डलवाए। इसके बाद स्थानीय लोगों ने सड़क निर्माण की गुणवत्ता को लेकर संतोष जताया।

दरअसल, सड़क के किनारों को मजबूत करने के लिए ठेकेदार द्वारा पत्थर डालने की बजाय मिट्टी डालकर रोलर चलाया जा रहा था। इससे सड़क की मजबूती पर सवाल खड़े हो रहे थे और सरकार को आर्थिक नुकसान होने की आशंका भी जताई जा रही थी। मामले को लेकर स्थानीय लोगों ने विरोध जताया था और ठेकेदार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए थे। उकलाना रोड निवासी पवन कुमार, सुभाष चंद्र, सचिन कुमार, अमित कुमार, सुरेश कुमार और कृष्ण कुमार सहित अन्य लोगों ने निर्माण कार्य में बरती जा रही लापरवाही का भंडाफोड़ किया। लोगों का आरोप था कि निर्माण के दौरान विभाग के जेई मौके पर मौजूद नहीं रहते, जिसका फायदा उठाकर ठेकेदार घटिया सामग्री का इस्तेमाल कर रहा है। शुक्रवार को उपमंडल अधिकारी बलवीर सिंह मलिक ने मौके पर पहुंचकर पूरे कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने टेंडर के मुताबिक पर्याप्त मात्रा में पत्थर डालने के निर्देश दिए। जहां पत्थर की मात्रा कम थी वहां डाली गई मिट्टी को निकलवाकर दोबारा से पत्थर डलवाए गए।

### गुणवत्ता से नहीं होगा समझोता

एसडीओ बलवीर सिंह मलिक ने बताया कि रात के समय ठेकेदार के कारिंदों द्वारा पत्थरों में अधिक मिट्टी मिलाने की शिकायत मिली थी। इस पर तुरंत कार्रवाई करते हुए जहां भी मिट्टी डाली गई थी उसे हटवाकर सही मात्रा में पत्थर डलवाए गए हैं। साथ ही विभाग के जेई संदीप कुमार और अरुण कुमार को निर्माण कार्य की नियमित निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं ताकि सड़क निर्माण की गुणवत्ता से कोई समझौता न हो।

## बंद मकान में हुई चोरी के मामले में आरोपी काबू

*__फतेहाबाद।__ जिले के शहर टोहाना में एक बंद मकान में हुई चोरी की गुत्थी को सुलझाते हुए थाना शहर टोहाना पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान दीपक उर्फ राजू पुत्र सुशील निवासी गीता कॉलोनी, टोहाना के रूप में हुई है। थाना शहर टोहाना प्रभारी निरिक्षक कुलदीप ने बताया कि इस बारे पुलिस ने महेंद्र सिंह भट्टी निवासी कृष्णा कॉलोनी, टोहाना की शिकायत पर केस दर्ज किया था। शिकायत में बताया था कि वह 2 दिसंबर 2025 को कनाडा गए थे। जब वह 6 फरवरी 2026 को वापस लौटे, तो उन्होंने देखा कि उनके घर की ऊपर की खिड़की टूटी हुई थी और अलमारियों के ताले भी टूटे मिले। जांच करने पर पता चला कि अज्ञात चोरों ने घर से 15 हजार रुपये नकद और दो चांदी के सिक्के चोरी कर लिए थे। पीड़ित की शिकायत पर थाना शहर टोहाना में मामला दर्ज किया गया।*

## नशे के खिलाफ मुहिम को मिला अरोड़वंश महासभा का साथ



**फतेहाबाद।** नशे के खिलाफ मुहिम को समर्थन देते अरोडवंश महासभा के पदाधिकारी।

**फतेहाबाद।** जिले में युवा पीढ़ी को नशे की दलदल से बाहर निकालने और उन्हें जागरूक करने के लिए महाशक्ति चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा चलाए जा रहे अभियान को अब व्यापक जन-समर्थन मिलने लगा है। इसी कड़ी में, ट्रस्ट द्वारा 23 मार्च को आयोजित होने वाली 'नशे के खिलाफ एक विशाल यात्रा' को अरोड़वंश महासभा, फतेहाबाद ने अपना पूर्ण समर्थन देने की घोषणा की है। कार्यक्रम का निमंत्रण देने पहुंचे ट्रस्ट के प्रतिनिधि भवानी सिंह का अरोड़वंश महासभा के पदाधिकारियों ने स्वागत किया। समर्थन घोषणा के दौरान अरोड़वंश महासभा के प्रोजेक्ट चेयरमैन मोहरी राम ग्रोवर, पूर्व प्रधान मदन लाल ग्रोवर, सचिव नरेश सचदेवा, कैशियर हरप्रीत सिंह ग्रोवर, वरिष्ठ अधिवक्ता नन्द किशोर सेठी, पूर्व पार्षद प्रतिनिधि डबली ग्रोवर, धर्मपाल गिलहोत्रा, बिट्टू गांधी सहित अनेक सदस्य व पदाधिकारी मौजूद रहे।

# ग्रुप-डी कर्मियों के लिए प्रशिक्षण शिविर

- फतेहाबाद जिले के लगभग 200 विभिन्न विद्यालयों से ग्रुप-डी कर्मचारी भाग ले रहे हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** डाइट मताना में आयोजित प्रशिक्षण शिविर को संबोधित करते प्राचार्य।

डाइट मताना, फतेहाबाद में ग्रुप-डी कर्मचारियों के लिए पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया है। आज इस शिविर का शुभारंभ डाइट मताना के प्राचार्य विनोद कुमार द्वारा किया गया। इस प्रशिक्षण शिविर में फतेहाबाद जिले के लगभग 200 विभिन्न विद्यालयों से ग्रुप-डी कर्मचारी भाग ले रहे हैं।

यह प्रशिक्षण शिविर शिक्षा विभाग व एससीईआरटी गुरुग्राम के निर्देशन आयोजित किया गया है, जिसका उद्देश्य कर्मचारियों को कार्यस्थल पर अनुशासन, स्वच्छता, सुरक्षा, संचार कौशल तथा अपनी जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक करना है। शिविर के शुभारंभ पर डाइट के वरिष्ठ प्रवक्ता शेर सिंह और वरिष्ठ प्रवक्ता राकेश मखीजा ने भी प्रतिभागियों को संबोधित किया। एससीईआरटी के प्रशिक्षित ट्रेनिंग कोऑर्डिनेटर डॉ. महेंद्र कुमार, डॉ. प्रदीप लौरा तथा डॉ. सुनील कड़वासरा व समस्त डाइट प्राध्यापक विभिन्न सत्रों के माध्यम से प्रतिभागियों को 5 दिन तक प्रशिक्षण देंगे।

## डीएलएसए 17 मार्च को लगाएगा मेगा लीगल सर्विसिज कैंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

हरियाणा राज्य विधिक सेवाएं प्राधिकरण के तत्वावधान में जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण द्वारा 17 मार्च को सुबह 9 बजे से बाद दोपहर 3 बजे तक गांव बीघड़ द्वितीय के ग्राम सचिवालय में मेगा लीगल सर्विसिज कैंप का आयोजन किया जाएगा। इस कैंप का शुभारंभ जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के अध्यक्ष दीपक अग्रवाल करेंगे। इस कैंप में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर लोगों को विभिन्न कल्याणकारी स्कीम का लाभ दिया जाएगा। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की सचिव गायत्री ने इस बारे जानकारी देते हुए बताया कि मेगा लीगल सर्विसिज कैंप में एडीसी कार्यालय से क्रिड विभाग व अक्षय ऊर्जा, स्वास्थ्य विभाग, जिला समाज कल्याण व जिला कल्याण विभाग, खाद्य आपूर्ति विभाग, आयुष विभाग, जिला बाल संरक्षण कार्यालय, कृषि विभाग, जिला रेडक्रॉस सोसायटी, बिजली निगम, जन स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा कॉमन सर्विस सेंटर द्वारा स्टॉल लगाकर लोगों को विभिन्न जनकल्याणकारी स्कीम का लाभ दिया जाएगा। कैंप में संबंधित विभाग स्टॉल पर अपने विभाग का बैनर, प्रिंटिड मैटेरियल, योजनाओं व सेवाओं के लाभ के लिए निर्धारित आवेदन पत्र आदि साथ रखें, ताकि लोगों को सेवाओं की जानकारी देकर उन्हें लाभ प्रदान किया जा सके।

# सट्टा रैकेट का तीसरा आरोपी काबू ऑल पैनल एक्सचेंज वेबसाइट से की जा रही थी धोखाधड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** ऑनलाइन सट्टा मामले में गिरफ्तार युवक। *फोटो : हरिभूमि*

सीआईए टोहाना ने ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा गिरोह के एक और आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान प्रकाश चंद पुत्र किशोरी लाल, निवासी पुरानी अनाज मंडी, टोहाना के रूप में हुई है। सीआईए टोहाना प्रभारी उप निरिक्षक अशोक कुमार ने बताया कि यह मामला 26 फरवरी को सामने आया था, जब पुलिस टीम ने रतिया के पुराना बाजार क्षेत्र में छापेमारी की थी। पुलिस ने मौके से मुख्य आरोपी पारस उर्फ हन्नी जैन को गिरफ्तार किया था, जो अपने घर से ऑनलाइन क्रिकेट बुक्की का संचालन कर रहा था। जांच के दौरान मुख्य आरोपी के पास से तीन हाई-एंड स्मार्टफोन बरामद हुए थे। आरोपी ऑल पैनल एक्सचेंज नामक वेबसाइट के माध्यम से लोगों को अधिक पैसा कमाने का लालच देकर सट्टा लगवाता था और बाद में तकनीकी बहाने बनाकर उनके पैसे हड़प लेता था। इस अवैध नेटवर्क में वह कमीशन पर काम कर रहा था। इस पर आरोपियों के खिलाफ थाना शहर रतिया में दर्ज कर इस मामले में दो आरोपी पहले ही गिरफ्तार किए जा चुके हैं।

## अनुदान पर मिलने वाले ट्रैक्टरों का भौतिक सत्यापन अब 20 मार्च को

**फतेहाबाद।** वर्ष 2025-26 के दौरान एसबी-89 स्कीम के तहत अनुसूचित जाति श्रेणी के किसानों को अधिकतम 3 लाख रुपये का अनुदान पर दिए जाने वाले ट्रेक्टरों के भौतिक सत्यापन की अनुसूची जारी की गई है। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के सहायक कृषि अभियंता पवन कुमार ने बताया कि वर्ष 2025-26 के दौरान एसबी-89 स्कीम के तहत अनुसूचित जाति श्रेणी के किसानों को अधिकतम 3 लाख रुपये का अनुदान पर दिए जाने वाले ट्रेक्टरों का भौतिक सत्यापन 20 मार्च, 2026 को फतेहाबाद के सेक्टर 10 स्थित सिटी पुलिस स्टेशन के पास सुबह 10 बजे से बाद दोपहर 3 बजे तक निदेशालय द्वारा निर्धारित किया गया है।

# शाह सतनाम जी बॉयज कॉलेज में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता आरंभ

- विद्यार्थियों ने देशभक्ति और खेल भावना से ओतप्रोत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा



**सिरसा।** प्रतियोगिता में भाग लेते खिलाड़ी। *फोटो : हरिभूमि*

शाह सतनाम जी बॉयज कॉलेज सिरसा में शारीरिक शिक्षा विभाग की ओर से शुक्रवार को दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता शुरू हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे सीडीएलयू के डीन ऑफ कॉलेजेज डॉ. राम मेहर सिंह व शाह सतनाम जी शिक्षण संस्थान के हैड कोच डॉ. नवजीत सिंह भुल्लर व कॉलेज के सुपर स्टूडेंट की उपस्थिति में हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत कॉलेज के विभिन्न हाउस के विद्यार्थियों के मार्च पास्ट से हुई। विद्यार्थियों ने मार्च पास्ट करते हुए मुख्य अतिथियों को सलामी दी।

इसके बाद खेल भावना का प्रतीक मशाल प्रज्ज्वलित की गई। विद्यार्थियों ने देशभक्ति और खेल भावना से ओतप्रोत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इसके बाद खेल प्रतियोगिताओं का आगाज किया गया। 400 मीटर दौड़ में स्पोर्ट्स स्ट्राइकर्स के हर्ष ने पहले, रोहित दूसरे स्थान पर रहे। स्पोर्ट्स स्ट्राइकर्स के नवेश और बीए ब्लास्टर्स के सुरेश ने संयुक्त रूप से तीसरा स्थान हासिल किया।

## मामलों के निपटान के लिए प्री-जाइडिंग ऑफिसर व सदस्य नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

हरियाणा राज्य विधिक सेवाएं प्राधिकरण के तत्वावधान में 14 मार्च को सुबह 10 बजे जिला मुख्यालय फतेहाबाद, उपमंडल रतिया व टोहाना की न्यायिक परिसरों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इन लोक अदालतों में मामलों के निपटान के लिए जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश दीपक अग्रवाल ने प्री-जाइडिंग ऑफिसर व सदस्य नियुक्त किए हैं। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की सचिव गायत्री ने बताया कि 14 मार्च को सुबह 10 बजे जिला स्तर पर राष्ट्रीय लोक अदालत लगेगी।


### राष्ट्रीय लोक अदालत आज

**सिरसा।** हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण पंचकूला के निर्देशानुसार न्यायालय परिसर सिरसा, उपमंडल न्यायालय परिसर डबवाली व ऐलनाबाद में 14 मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। लोक अदालत में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से केसों के निपटारे के लिए आवेदन किया जा सकता है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रवेश सिंगला ने बताया कि हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण पंचकूला के निर्देशानुसार समय-समय पर लोक अदालतों का आयोजन किया जाता है। उन्होंने बताया कि लोक अदालत की प्रक्रिया बिल्कुल संक्षिप्त व साधारण है, जिसमें दोनों पक्षों की सहमति से केस का निपटारा किया जाता है।

### डिलीवरी एजेंट बनकर यूएसएसडी कोड डायल करवाना बन रहा नया हथकंडा

# ओटीपी और बैंक कॉल हाइजैक कर खाते खाली कर रहे ठग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद



पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने आमजन को साइबर अपराध की एक नई और गंभीर ठगी की तकनीक 'कॉल फॉरवर्डिंग स्कैम' को लेकर सतर्क किया है। उनका कहना है कि आज के समय में मोबाइल फोन हमारी बैंकिंग, डिजिटल भुगतान और व्यक्तिगत पहचान से सीधे जुड़ा हुआ है।

इसी का फायदा उठाकर साइबर अपराधी लोगों को झांसे में लेकर उनके मोबाइल की कॉल फॉरवर्डिंग एक्टिव करवा देते हैं और फिर ओटीपी व बैंक कॉल अपने नंबर पर मंगवाकर खातों से पैसे निकाल लेते हैं। एसपी ने बताया कि इस प्रकार के साइबर फ्रॉड में ठग खुद को किसी नामी कूरियर या डिलीवरी कंपनी का एजेंट बताकर आम नागरिक को कॉल करते हैं। वे पार्सल कन्फर्म करने, डिलीवरी री-शेड्यूल करने या पते की पुष्टि का बहाना बनाते हैं।

भरोसा जीतने के बाद वे पीड़ित को एक खास यूएसएसडी कोड डायल करने को कहते हैं, जो आमतौर पर 21, 61, 67 या 401 से शुरू होता है। जैसे ही व्यक्ति यह कोड डायल करता है, उसके मोबाइल में कॉल फॉरवर्डिंग अपने आप एक्टिव हो जाती है और उसके फोन पर आने वाली सभी कॉल, बैंक से संबंधित हझक्क, ट्रांजेक्शन अलर्ट और सोशल मीडिया ऐप्स की वेरिफिकेशन कॉल सीधे साइबर ठगों के नंबर पर पहुंचने लगती हैं।

एसपी ने कहा कि इस स्कैम का सबसे बड़ा खतरा यह है कि पीड़ित को बिना जानकारी हुए उसके बैंक खाते, यूपीआई व्हाट्सएप, टेलीग्राम और अन्य डिजिटल प्लेटफॉर्म तक ठगों की पहुंच बन जाती है। कई मामलों में तब तक ठगी का पता चलता है, जब तक खाते से बड़ी रकम निकल चुकी होती है या सोशल मीडिया अकाउंट हैक हो चुका होता है। यह स्कैम न केवल आर्थिक नुकसान पहुंचाता है, बल्कि व्यक्ति की डिजिटल पहचान को भी गंभीर खतरे में डाल देता है।

### ओटीपी की जानकारी किसी से साझा न करें

एसपी ने कहा कि कॉल फॉरवर्डिंग स्कैम से बचने के लिए किसी भी अनजान कॉलर पर तुरंत भरोसा न करें। कूरियर या डिलीवरी के नाम पर कोई भी कोड डायल करने से साफ इनकार करें। कोई भी वास्तविक कंपनी कॉल फॉरवर्डिंग एक्टिव करने को नहीं कहती। अपने मोबाइल की कॉल फॉरवर्डिंग सेटिंग्स की जानकारी रखें। अनजान नंबर से आए स्रूस या कॉल को नजरअंदाज करें। ओटीपी या बैंक से जुड़ी जानकारी किसी से साझा न करें। जल्दबाजी में कोई भी तकनीकी निर्देश न अपनाएं। समय-समय पर अपने बैंक खाते और मोबाइल सेटिंग्स की जांच करते रहें। यदि किसी को कॉल फॉरवर्डिंग स्कैम का संदेह हो या वह इसका शिकार हो जाए, तो तुरंत सभी प्रकार की कॉल फॉरवर्डिंग सेवाएं बंद करें। इसके बाद तुरंत अपने बैंक को सूचित करें और अपने परिजनों को भी जानकारी दें, ताकि आपके नाम पर कोई और ठगी न हो सके।

## प्राथमिक पाठशाला अकांवाली में हुई चोरी मामले में आरोपी को किया गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** गांव अकांवाली स्थित राजकीय प्राथमिक पाठशाला में हुई चोरी की वारदात को सुलझाते हुए थाना सदर टोहाना पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान अर्जुन पुत्र देशराज निवासी राज नगर, टोहाना के रूप में हुई है। थाना सदर टोहाना प्रभारी उप-निरीक्षक सादीराम ने बताया कि राजकीय प्राथमिक पाठशाला, अकांवाली की मुख्य शिक्षिका अनिता रानी ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायत में बताया था कि दिसंबर 2025 में स्कूल की छुट्टी के बाद कोई अज्ञात चोर स्कूल के पांच कमरों के ताले तोड़कर भीतर दाखिल हुआ।